भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 802

29 नवम्बर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुष अस्पतालों का उन्नयन

802. श्री रॉबर्ट ब्रूस सी.:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तमिलनाडु राज्य में आयुष अस्पतालों और महाविद्यालयों का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) तमिलनाडु राज्य में आयुष अस्पतालों और महाविद्यालयों के लिए सुविधाओं के नवीकरण/उन्नयन हेतु जिला-वार कितनी धनराशि आवंटित, संवितरित और उपयोग की गई; और

(ग) तमिलनाडु राज्य में स्थापित किए जाने वाले आयुष अस्पतालों और महाविद्यालयों की जिला-वार सूची क्या है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): तमिलनाडु राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, तमिलनाडु राज्य में 35 आयुष अस्पताल और 7 सरकारी कॉलेज मौजूद हैं। तमिलनाडु राज्य में आयुष अस्पतालों और कॉलेजों का जिला-वार विवरण **संलग्नक** पर दिया गया है।

(ख): राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना के तहत, राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से तमिलनाडु राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, आयुष अस्पतालों की 17 इकाइयों और आयुष कॉलेजों की 06 इकाइयों को नवीनीकरण/उन्नयन के लिए समर्थन दिया गया है और इसके संबंध में क्रमशः 699.40 लाख रुपये और 590.64 लाख रुपये की अनुदान सहायता स्वीकृत की गई है। इसके अलावा, राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, उन्होंने स्वीकृत राशि की तुलना में क्रमशः 699.40 लाख रुपये और 294.382 लाख रुपये का उपयोग किया है। हालांकि, एनएएम के तहत, राज्य सरकार को समेकित अनुदान सहायता जारी की जा रही है और अनुदान को जिले-वार जारी करने का कोई प्रावधान नहीं है।

(ग): जन स्वास्थ्य एक राज्य का विषय है, इसलिए आयुष अस्पतालों और कॉलेजों की स्थापना संबंधित राज्य सरकार के कार्यक्षेत्र में आता है। हालांकि, एनएएम के तहत, एसएएपी के माध्यम से तमिलनाडु राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार, थेनी, तिरुवन्नामलाई, पुदुक्कोट्टई, नमक्कल, चेन्नई जिलों में एकीकृत आयुष अस्पतालों की 05 इकाइयां और पलानी, डिंडुगुल जिले में एक आयुष शैक्षणिक संस्थान सिद्ध मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए मंजूरी दी गई है।

****

संलग्नक

भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी अस्पताल विवरण - तमिलनाडु		
क्र.सं.	**ज़िला**	**कुल**
1.	चेंगलपट्टू	1
2.	चेन्नई	5
3.	कुड्डालोर	2
4.	धर्मपुरी	1
5.	डिंडीगुल	1
6.	इरोड	1
7.	कांचीपुरम	1
8.	कन्याकुमारी	2

9.	करूर	1
10.	मदुरै	1
11.	नागपट्टिनम	1
12.	नमक्कल	1
13.	रामनाथपुरम	1
14.	सेलम	1
15.	शिवगंगा	1
16.	तंजावुर	1
17.	थेनी	2
18.	थिरुवन्नमलाई	2
19.	तुतुकुडी	1
20.	तिरुचिरापल्ली	1
21.	तिरुनेलवेली	2
22.	तिरुपूर	1
23.	तिरुवरुर	1
24.	वेल्लोर	1
25.	विल्लुपुरम	1
26.	विरुधुनगर	1
	कुल	**35**

सरकारी मेडिकल कॉलेज-तमिलनाडु

क्र.सं.	**जिला**	**मेडिकल कॉलेज का नाम**
1.	चेन्नई	सरकारी सिद्ध मेडिकल कॉलेज, चेन्नई-106।
2.	तिरुनेलवेल	सरकारी सिद्ध मेडिकल कॉलेज, पलायमकोट्टई।
3.	कन्याकुमारी	सरकारी आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज, कोट्टार, नागरकोइल, कन्याकुमारी
4.	चेन्नई	सरकारी यूनानी मेडिकल कॉलेज, चेन्नई-106
5.	मदुरै	सरकारी होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज, तिरुमंगलम, मदुरै
6.	चेन्नई	सरकारी योग और प्राकृतिक चिकित्सा मेडिकल कॉलेज, चेन्नई
7.	चेंगलपेट	अंतर्राष्ट्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विज्ञान संस्थान, चेंगलपट्टू